अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

वर्ष :-2
अंक:-33
27, फरवरी,2026
शुक्रवार

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com




वर्ष :-2
अंक:-33
27, फरवरी,2026
शुक्रवार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## होली से पहले नशे पर सख्ती, एनकॉर्ड बैठक में कड़े निर्देश




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में एनकॉर्ड (नारको समन्वय केंद्र) की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में नशीले पदार्थों की आवाजाही और बिक्री पर सख्त निगरानी के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान विशेष अभियान चलाकर शराब, ड्रग्स और गांजा की बिक्री पर रोक लगाई जाए, ताकि युवाओं और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना क्षेत्रों में चाय दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने, रेलवे स्टेशनों पर सघन जांच अभियान चलाने तथा सूखे नशे की तस्करी पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में नशा मुक्ति केंद्र संचालित है, जहां प्रशिक्षित मनोचिकित्सक द्वारा परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध है। केंद्र में दस बेड की व्यवस्था है। विस्तृत जानकारी के लिए स्वास्थ्य प्रबंधक, सदर अस्पताल के मोबाइल नंबर 9835200490 पर संपर्क किया जा सकता है।

औषधि निरीक्षक ने जानकारी दी कि फरवरी 2026 में अब तक 66 औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा 15 दवा नमूने गुणवत्ता जांच हेतु संग्रहित किए गए। तीन प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण कर नशीली दवाओं के अभिलेखों की जांच की गई। जिले में प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं कोडिन युक्त सिरप उपलब्ध नहीं पाए गए। बैठक में सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## राजगीर मलमास मेला 2026 की तैयारियां तेज, डीएम ने दिए सख्त निर्देश



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आगामी मलमास मेला 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में आयोजित होगा। इस दौरान ब्रह्मकुंड में स्नान के लिए दूर-दराज से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरण स्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बैरिकेडिंग, अग्निशमन व्यवस्था एवं मोबाइल शौचालय जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेला अवधि में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।मेला क्षेत्र में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस, दवाएं, चिकित्सक और मेडिकल कैंप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। रे। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कस्तूरी बिगहा प्राथमिक विद्यालय जर्जर, 85 बच्चों की जान जोखिम में




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के ढेकवाहा पंचायत अंतर्गत कस्तूरी बिगहा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। हालत यह है कि भवन कभी भी धराशायी हो सकता है, फिर भी 85 छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर इसी भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। शिक्षा विभाग को कई बार अवगत कराने के बावजूद अब तक नए भवन निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

विद्यालय में दो कमरे और एक बरामदा है। पहले कमरों की स्थिति खराब हुई तो शिक्षकों ने बरामदे में पठन-पाठन शुरू कराया, लेकिन अब बरामदा भी जर्जर हो चुका है। छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, फर्श क्षतिग्रस्त है और बरसात के दिनों में पूरी छत से पानी टपकता रहता है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई के दौरान हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों का कहना है कि नए विद्यालय भवन के निर्माण को लेकर उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, सांसद तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई है, लेकिन अब तक समस्या जस की तस बनी हुई है। एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण का दावा करती है, वहीं कस्तूरी बिगहा का यह विद्यालय जमीनी हकीकत बयां कर रहा है।


विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पंचम वर्ग तक की पढ़ाई इसी जर्जर भवन में कराई जाती है। उन्होंने कहा कि आसपास कोई अन्य विद्यालय नहीं होने के कारण बच्चों को यहीं आना पड़ता है। पढ़ाई का माहौल अच्छा होने के कारण छात्र नियमित रूप से आते हैं, लेकिन भवन की स्थिति चिंता का विषय है।विद्यालय परिसर में केवल एक चापाकल और एक शौचालय की व्यवस्था है। परिसर की घेराबंदी नहीं होने से गंदगी फैली रहती है और मवेशियों का आवागमन लगा रहता है, जिससे बच्चों को परेशानी होती है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नए भवन निर्माण की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।

## बेन प्रखंड कार्यालय पर भारतीय किसान संघ का प्रदर्शन आज

सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। भारतीय किसान संघ की बेन प्रखंड इकाई द्वारा शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरुण प्रकाश तथा मंत्री विजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार की कथित गलत नीतियों और बेन अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण किसानों में भारी रोष है।

नेताओं ने कहा कि चुनाव से पूर्व किसानों द्वारा भरे गए परिमार्जन प्रपत्रों का अब तक निष्पादन नहीं किया गया है, जिससे किसान परेशान हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि लंबित परिमार्जन प्रपत्रों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। साथ ही, सर्वे के दौरान भूमि की प्रकृति जैसे गैर मजरूआ मालिक, वकास्त मालिक आदि श्रेणी की उन जमीनों को मान्यता दी जाए, जिनकी वर्षों से रसीद कटती आ रही है।संघ पदाधिकारियों ने कहा कि जिन भूमियों पर किसानों का कई वर्षों से शांतिपूर्वक दखल कायम है, उन्हें आधार मानते हुए परिमार्जन की प्रक्रिया पूरी की जाए। दाखिल-खारिज के मामलों में हो रही अनावश्यक टालमटोल और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने की भी मांग की गई है।इसके अतिरिक्त किसानों ने कृषि फीडर से पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उनका कहना है कि कम से कम 20 घंटे नियमित बिजली उपलब्ध कराई जाए, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज, बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशेष बैठकों ने राजनीतिक हलकों में नई हलचल पैदा कर दी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी के पर्यवेक्षक रणविजय सिंह लोचव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं और उनकी सक्रियता से ही संगठन को नई धार मिलती है। बैठक में जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला सहित प्रदेश के कई पर्यवेक्षक, वरिष्ठ नेता, प्रखंड अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पर्यवेक्षकों ने स्पष्ट किया कि अभियान का उद्देश्य संगठन को गांव और पंचायत स्तर तक सक्रिय बनाना है, ताकि आम लोगों की समस्याएं सीधे पार्टी मंच तक पहुंच सकें।जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की पहचान हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज के रूप में रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझें और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं की पहचान की जा रही है, साथ ही युवाओं और नए चेहरों को जोड़कर संगठन में नई ऊर्जा भरने की रणनीति पर काम चल रहा है।

बैठक में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प,









# प्राकृतिक खेती अपनाने को 125 किसानों को मिला किट, बेन में जागरूकता अभियान तेज



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बेन प्रखंड के वभनियामा गांव में गुरुवार को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए चयनित किसानों के बीच किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर फार्मर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित एवं जिला निगरानी समिति के सदस्य वीर अभिमन्यु सिंह ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती केवल खेती नहीं, बल्कि मिट्टी, स्वास्थ्य और भविष्य बचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया टिकाऊ कृषि की ओर बढ़ रही है और यह मॉडल भविष्य की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है।वीर अभिमन्यु सिंह ने चयनित किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप जागृत आत्मा और देश के सच्चे सिपाही हैं। किसानों के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका है। उन्होंने अपील की कि सभी किसान पूरी ईमानदारी और निष्ठा से प्राकृतिक खेती अपनाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर भारत की परिकल्पना साकार हो सके।

इस मौके पर पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुविधा कुमारी ने बताया कि बेन प्रखंड की एकसारा और आट पंचायत के 125 किसानों के बीच किट वितरित की गई। कार्यक्रम में कृषि सखी एकसारा की सोनम सोनाली, आट की रिंकी कुमारी, सीमा देवी, प्रमिला देवी, सुषमा कुमारी, सुमित्रा देवी, सुविधा देवी, विद्या भारती, पुष्प लता कुमारी, पृथ्वी कुमार, राजकिशोर प्रसाद, विपिन कुमार समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को लेकर नई ऊर्जा का संचार किया।

# पुरानी पेंशन बहाली सहित दस मांगों पर कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को जिला महासंघ नालंदा के बैनर तले अराजपत्रित कर्मचारियों ने जिला पदाधिकारी, नालंदा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया और दस सूत्री मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवर्धन ने की। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 26 फरवरी 2026 को "मांग दिवस" मनाया गया। इसी निर्णय के तहत बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर मांग पत्र जिला पदाधिकारी के माध्यम से मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना को प्रेषित किया जा रहा है।जिला मंत्री संजय कुमार ने कहा कि सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाए, रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति हो, अंशदायी पेंशन प्रणालीसमाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, वेतन आयोग की शर्तों की समीक्षा हो तथा हर पांच वर्ष पर वेतन संशोधन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही लंबित महंगाई भत्ता और राहत की किश्तें बकाया सहित जारी करने, व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति वापस लेने, श्रम संहिताएं रद्द करने और सहकारी संघवाद व धर्मनिरपेक्षता की रक्षा की मांग उठाई गई।

प्रदर्शन में अरविंद कुमार (मंत्री, अनुसचिवीय संघ), मीना कुमारी, राजेश कुमार सिंह (सहायक जिला मंत्री, चिकित्सा संघ), कुमोद कुमार सिंह, सोमनाथ, ज्योति कुमारी, नाजीफ फरह, पुष्पराज, जितेंद्र कुमार, आशा कुमारी, बेबी कुमारी, अनंत कुमार, आदित्य कुमार, अवधेश कुमार सहित विभिन्न संघों के सैकड़ों नियमित एवं संविदागत कर्मचारी उपस्थित रहे






DPRC
डेज फिजियोथेरेपी एण्ड रिहैबिलिटेशन सेन्टर
पता- डेज हाईट्स, डी.आर.सी.सी मेन गेट, NOBEL हॉस्पीटल, राणाविगहा, आदर्श वाईपास थाना के पीछे, सिपाह मोड़, बिहार शरीफ (नालन्दा)
9279193287
पारंपरिक फिजियोथेरेपी मशीन से अलग घूटनों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, टैंडिनाइटिस, मासपेशियों का दर्द का ईलाज अब अत्याधुनिक Tecar Therapy द्वारा कराएँ।
बिहार शरीफ का एकमात्र अत्याधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता वाली फिजियोथेरेपी केन्द्र



* PHYSIO- OCCUPATIONAL THERAPY
* SPEECH THERAPY
* SPECIAL EDUCATOR, SOCIAL WORKER
* PROSTHETIC & ORTHOTIC PROFESSIONAL
We Work Together
सेवा – सम्मान– समर्पण

# वियावानी में प्रजापति समाज भवन की रखी गई आधारशिला



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, जिला नालंदा के तत्वावधान में वियावानी गांव में प्रजापति समाज भवन निर्माण हेतु गुरुवार को विधिवत शिलान्यास एवं नींव पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही और पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल देखा गया।

समारोह में समिति के वर्तमान जिलाध्यक्ष सुबोध पंडित, संरक्षक मंगल पंडित, पूर्व जिलाध्यक्ष जनार्दन पंडित, जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू, सुजीत पंडित तथा दिनेश पंडित सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि समाज का अपना भवन बनने से प्रजापति समाज के लोगों को एकजुट होने, बैठक आयोजित करने तथा सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में सहूलियत मिलेगी। जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने कहा कि यह भवन समाज के संगठन को मजबूती प्रदान करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्थल बनेगा।

इस अवसर पर सुरेन्द्र पंडित, सौखी पंडित, पवन पंडित, जगन पंडित, नन्दलाल पंडित, सीताराम पंडित, जितेन्द्र पंडित, विनय पंडित, भोला पंडित, अवधेश पंडित, अजय पंडित, श्रवण पंडित, मनोज पंडित, शेखर पंडित, डॉ. मनोज पंडित, बब्लु पंडित तथा धर्मेन्द्र पंडित समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का संकल्प लिया।

An ISO 9001 : 2015 Certified School
Aff. No. : 330810
School No. : 65808
Run & Managed By : Daffodils Educational & Welfare Trust
DAFFODIL PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE (New Delhi)
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION
Nur. to XII



06112-295052, 358719 8271881876, 9341020929, 7367882350
Shri Satisthan, Mangalasthan Road, South of Bharat Gas Godown, Biharsharif, Nalanda

सवेरा हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेन्टर
SAVERA HOSPITAL & MATERNITY CENTRE
पता:- पिलर नं0- 08, गगन दीवान, निकट- देवी स्थान, बिहार शरीफ (नालन्दा) 803101
* स्त्री रोग विशेषज्ञ,
* क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ,
* शिशु रोग विशेषज्ञ,
* दुर्घटना सम्बनधित चिकित्सा
* हफनी (दम्मा) एवं पेट रोग के विशेषज्ञ
* जेनरल एवं लैप्रोस्कोपीक सर्जरी,
* नेत्र रोग विशेषज्ञ
* कान, नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ,
* खुन पेशाब जाँच की पूर्ण व्यवस्था।
आपातकालीन सेवा दिन-रात
सवेरा डायग्नोस्टिक सेन्टर
SAVERA DIAGNOSTIC CENTER
Dr. A. Kumar
M.B.B.S. (Pat) M.D. (Patho)
महिला नसबंदी का ऑपरेशन
बांझपन (Infertility)
महिला गुप्त रोग/सफेद पानी
महावारी संबंधित समस्याएँ
बच्चेदानी का ऑपरेशन
24 घंटे इमरजेन्सी सेवा
नोट:- नॉर्मल डिलेवरी की प्रथम प्राथमिकता एवं उत्तम व्यवस्था।
24 घंटे एम्बुलेंस की सुबिधा उपलब्ध है। 9288377146, 9771815724
सिजेरियन डिलीवरी और अन्य प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

# बिहार सेंट्रल स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव 1 मार्च को




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नूरसराय प्रखंड के शिक्षा नगर डोईया स्थित बिहार सेंट्रल स्कूल में 01 मार्च (रविवार) को 21वां वार्षिकोत्सव आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन राम परमेश्वरी सोशल ट्रस्ट के तत्वावधान में विद्यालय परिसर (राष्ट्रीय राजमार्ग-17, कुट फैक्ट्री के समीप) में संपन्न होगा। समारोह को लेकर विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में Dr. Randhir Kumar, प्राचार्य, Nalanda College of Horticulture, तथा Dr. Md. Khursheed Alam, यातायात उप पुलिस अधीक्षक, नालंदा उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में Dr. Rajeev Ranjan एवं Dr. Veena Prabha शामिल होंगे।

समारोह का शुभारंभ प्रातः 9 बजे अतिथियों के स्वागत एवं संबोधन से होगा, जो 10 बजे तक चलेगा। इसके बाद प्रातः 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्र-छात्राएं नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियां देंगे। दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक परिधान प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित होगा।

विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने अभिभावकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा मंशा विगहा विद्यालय परिसर



हिलसा (अपना नालंदा)। प्राथमिक विद्यालय मंशा विगहा में गुरुवार को आयोजित बाल मेला उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल-कूद और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और वे भविष्य में सफलता की ऊंचाइयों को छूते हैं।

बाल मेला में छात्र-छात्राओं ने चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, लंबी कूद और खो-खो जैसे खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोह लिया। अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास और प्रतिभा की सराहना की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत फूलमाला,अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन कर बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है।इस अवसर पर बिरजू कुमार, मनीष कुमार, अमित कुमार, नीलम चंद्र प्रभा, रेखा कुमारी, सुनीली कुमारी सहित कई शिक्षक, शिक्षाविद एवं अभिभावक मौजूद रहे और कार्यक्रम की सराहना की।






अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा

# संपादकीय

**जेपी चौधरी**

## अमेरिकी कोर्ट ने कहां की शक्तिशाली क्यों न हों, संविधान और कानून आपसे बड़े हैं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से उनके द्वारा विश्वव्यापी स्तर पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि संविधान के तहत टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस को है, न कि कार्यपालिका को। अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति और देश के संस्थापकों में से एक थॉमस जेफरसन ने कहा था, "अगर हम सत्ता में बैठे लोगों को गड़बड़ी करने से रोकना चाहते हैं, तो हमें उन्हें संविधान से बांधना होगा।" हमेशा की तरह, ट्रंप बेहद गुस्से में हैं और यहां तक कह रहे हैं कि यह फैसला "शर्मनाक" है और न्यायाधीशों ने राष्ट्रीय हित के खिलाफ काम किया है।

मुख्य मुद्दा रिफंड का है, जिसका अनुमान 130-142 अरब डॉलर से लेकर 175 अरब डॉलर तक है। अदालत ने इस मामले पर अभी तक कोई फैसला नहीं सुनाया है और यह मामला वर्षों तक उलझा रहेगा। गुस्से में भरे ट्रंप ने सभी पर टैरिफ लगा दिए हैं, पहले 10% और फिर 15%। संविधान उन्हें 150 दिनों तक 15% तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। लेकिन दुनिया को अभी राहत मिलने की उमीद नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप अपनी ताकत दिखाने का कोई न कोई तरीका जरूर निकालेंगे। वे संसद का रुख कर सकते हैं, लेकिन अमेरिका में टैरिफ की अलोकप्रियता को देखते हुए इसकी संभावनाकम है। हालांकि, यूरोपियन पॉलिसी सेंटर के वर्ग फोकमैन ने भी कहा है, "इससे वैश्विक व्यापार में काफी अनिश्चितता पैदा होगी, क्योंकि हर कोई अमेरिकी नीति को निर्धारित करने की कोशिश करेगा।" ट्रंप प्रशासन ने फैसले से काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि जरूरत पड़ने पर टैरिफ लगाने के अन्य तरीकों पर भी विचार किया जाएगा। लेकिन अब देखना बाकी है कि आगे क्या होता है।

फिलहाल, अमेरिकी v कोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि आप कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, संविधान और कानून आपसे बड़े हैं। दुनिया भर की संवैधानिक अदालतों को यह संदेश दिया गया है कि वे सत्ता के सामने सच बोलने का साहस दिखाएं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन ने कहा है कि "अदालत का फैसला दर्शाता है कि लोकतांत्रिक देशों में सत्ता का संतुलन अनुकूल है।" हालांकि, इस समय भारत समेत वे देश, जिन्होंने दबाव में आकर अमेरिका के साथ समझौते किए थे, इस बात का आकलन कर रहे हैं कि क्या सुप्रीम कोर्ट का फैसला उन्हें नए सिरे से बातचीत का अवसर प्रदान करता है। ऐसा करते समय, सभी ट्रंप के स्वभाव और प्रतिशोध की उनकी प्रवृत्ति को ध्यान में रखेंगे।

## होलिका दहन में बरतें सावधानी, खुली जगह पर करें आयोजन : सीओ दीपक कुमार

विजय प्रकाश उर्फ पिंटू



नूरसराय (अपना नालंदा)। होली पर्व के मद्देनजर अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने होलिका दहन के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर आमजनों के बीच आवश्यक सावधानियों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के दिन जरा सी लापरवाही से आग लगने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। इसलिए सभी लोग सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ पर्व मनाएं।

सीओ दीपक कुमार ने निर्देश दिया कि होलिका दहन से पूर्व स्थानीय अग्निशमन केंद्र से सुरक्षा संबंधी सुझाव अवश्य लें। होलिका दहन हमेशा सुरक्षित एवं खुली जगह पर ही करें और घनी आबादी, गेहूं के खेत, झुग्गी-झोपड़ी या खलिहान के समीप आग न जलाएं। मुख्य सड़क मार्गों के आसपास जलती हुई लकड़ी या अवशेष न फेंकें, इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि होलिका की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न रखें तथा आतिशबाजी या किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का प्रयोग न करें। दहन स्थल के पास कम से कम दो ड्रम पानी अवश्य रखें, ताकि आपात स्थिति में तुरंत उपयोग किया जा सके। बच्चों को आग के पास न जाने दें और सभी लोग सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

अंत में उन्होंने अपील की कि दहन के बाद बचे अवशेष को इधर-उधर न फेंकें और किसी भी आगजनी की घटना होने पर तुरंत अग्निशमन केंद्र एवं स्थानीय थाना को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## भव्य शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ से गूंजा हासनचक

### विधायक हरिनारायण सिंह ने किया का मंदिर उद्घाटन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के डिहरी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 14 स्थित हासनचक गांव में आयोजित सात दिवसीय शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के पांचवें दिन गुरुवार को पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन की सुगंध और "ऊं नमः शिवाय" के जयकारों से गांव का माहौल आध्यात्मिक हो उठा।

सात लाख रुपये की लागत से निर्मित नवनिर्मित मंदिर में शिवलिंग, माता पार्वती, श्री गणेश, कार्तिकेय, नंदी, विष्णु जी एवं कश्यप की प्रतिमाओं का महास्नान, विधिवत पूजन एवं प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। देर शाम 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान के साथ किया गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा और श्वेत पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में विधायक हरिनारायण सिंह, समाजसेवी सह मुढ़ारी पैक्स अध्यक्ष श्रीराम प्रसाद सिंह, डॉ. रामनरेश दास, अवधेश कुमार उर्फ पप्पू, मुखिया अनिल ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक श्री सिंह ने फीता काटकर मंदिर का उद्‌घाटन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

अनुष्ठान का संचालन बनारस से पधारे यज्ञाचार्य पं. अमरकांत पांडे एवं अयोध्या धामसे आए श्री श्री 108 शंभूनाथ बाबा के निर्देशन में हुआ। वहीं अयोध्या से आचार्य रविकृष्ण दुबे द्वारा प्रतिदिन शाम सात से रात्रि ग्यारह बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यूपी से आए प्रियांशु पांडे, पियूष पांडे, विकास पांडे एवं अजय पांडेय भी वैदिक विधि-विधान से मार्गदर्शन दे रहे हैं।

आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ 22 फरवरी को भव्य कलश यात्रा से हुआ था। इसके बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, नगर भ्रमण जैसे धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। नगर भ्रमण लक्ष्मी टोला, पुरब टोला, चौरियापर, संविधान नगर सहित विभिन्न मुहल्लों से होकर गुजरा।

यज्ञशाला में वेदों के अनुसार योनि, त्रिकोण, वृत्त, वर्गाकार, अष्टकोणीय और चतुष्कोणीय हवन कुंड बनाए गए हैं। आचार्यों ने बताया कि रूद्र महायज्ञ भगवान शिव की कृपा, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए अत्यंत प्रभावी अनुष्ठान है, जिसमें श्री रुद्रम चामकम का 11 बार पाठ और रुद्राभिषेक किया जाता है।

ग्रामीणों में पवन कुमार, रूदल पासवान, रामजतन, भगवान दास, बाल्मीकि पासवान, पूर्व सरपंच कारु राम, विभा, रेणु, ललन और शशी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। आयोजन समिति ने बताया कि 28 फरवरी को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। पूरे गांव में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

## नीमगंज में पुलिसकर्मी के बंद घर में चोरी, लाखों की संपत्ति साफ

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब पुलिसकर्मियों के घर भी सुरक्षित नहीं रह गए। ताजा मामला बिहार थाना क्षेत्र के पटेल कॉलेज के समीप नीमगंज मोहल्ले का है, जहां भागलपुर पुलिस में तैनात पीटीसी सुधीर कुमार के बंद पड़े मकान में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया।

पीड़ित की पत्नी सीमा कुमारी के अनुसार 24 फरवरी की शाम पूरा परिवार चचेरे देवर की शादी में शामिल होने सारे थाना क्षेत्र के कैला गांव गया था। घर में ताला बंद था। देर रात बदमाशों ने मुख्य गेट का लॉक काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरों व अलमारी के ताले तोड़ दिए। अगली सुबह पड़ोसियों ने टूटा ताला देखा और सूचना दी। लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला।

चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात, करीब दो लाख रुपये नकद, सोने की चेन, मांगटीका, अंगूठी, कान की बाली, लेनोवो टैब, सैमसंग मोबाइल, कासा-पीतल के बर्तन और जरूरी कागजात चोरी कर लिए।

पड़ोसी अनिरुद्ध ठाकुर (असम राइफल्स) ने बताया कि इलाके में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

शिक्षक राजदेव प्रसाद ने रात्रि गश्ती में कमी का आरोप लगाया।

थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर एफएसएल टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया है। मामले की जांच जारी है।

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा



# अर्णव किशोर के शतक और आदित्य राज की घातक गेंदबाजी से नालंदा की 156 रन से धमाकेदार जीत




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी मगध जोन मे नालंदा ने शेखपुरा को 156 रन के विशाल अंतर से हराया । गुरुवार को नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी मे बिहार क्रिकेट संघ के घरेलु सत्र 2025-26 बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी मगध जोन का तीसरा मैच नालंदा बनाम गया के बीच एसएससीसी खेल मैदान पावापुरी मे खेला गया।

नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अर्णव किशोर के शतक 104 रन, नमन गौरव 45 रन ,अंकित 34 रन, मुन्ना 28 रन , आकाश 25 रन , आदित्य 18 रन तथा सुमन 13 रन की मदद से 48.5 ओवर मे 10 विकेट के नुकसान पर 313 रन बनाये। शेखपुरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमरजीत ने 60 रन पे 4 विकेट, सूरज ने 65 पर 3 तथा रिशु ने 50 रन पे 2 विकेट अपने नाम किया।जवाब मे खेलते हुए शेखपुरा की पूरी टीम 28.2 ओवर मे अपने 10 विकेट खोकर मात्र 157 रन ही बना सकी। जिसमे अंकुश ने 43 रन रश्मि ने 27 रन,मंजीत ने 21 रन, पटेल तथा अमरजीत ने क्रमशः ने 16-16 रन का योगदान दिया । नालंदा की ओर से गेंदबाज़ आदित्य राज ने अपने फिरकी से शेखपुरा की टीम को घुटनो पर ला दिया

आदित्य राज ने 7.2 ओवर मात्र 27 रन ख़र्च करके 6 विकेट लिए, मनीष राज ने 32 रन पे 2 विकेट तथा सुमन और पवन ने एक एक विकेट अपने नाम किया।

इस मौके पर पूर्व सीनियर क्रिकेटर सह नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार उर्फ़ पिंटू दा क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह ,पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा यादव ,बीसीए ऑब्जरवर केशव कुमार ,डॉ संजय ,संतोष पांडेय , हैदर अली ,सिद्धार्थ कुमार बाबा , विश्वजीत कुमार, अभिषेक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

इम्पायरिंग की भूमिका बी सी ए पैनल अम्पायर राजीव कुमार तथा नीरज कुमार ने निभाया।

मैच के मैन ऑफ द मैच नालंदा के आदित्य कुमार को दिया गया।

# चमरबिगहा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गुरुवार को एकंगरसराय-तेल्हाड़ा मुख्य मार्ग पर स्थित चमरबिगहा गांव के समीप हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर गांव निवासी बिन्दु यादव के पुत्र विक्की कुमार के रूप में की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार विक्की कुमार मोटरसाइकिल से अपने गांव से एकंगरसराय की ओर आ रहे थे। इसी दौरान चमरबिगहा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकंगरसराय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही तेल्हाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में पोस्टमार्टम के लिए शव को बिहारशरीफ भेज दिया गया।परिजनों ने बताया कि विक्की कुमार परिवार का सहारा थे। उनके पिता बिन्दु यादव मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की तलाश में जुटी है।

# नूरसराय में होली और ईद पर सौहार्द बनाए रखने को प्रशासन सख्त



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

नूरसराय (अपना नालंदा)। होली एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गुरुवार को नूरसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने की। इस दौरान प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

बैठक में अंचलाधिकारी दीपक कुमार, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार, मुखिया रामकृष्ण कुमार भगवान जी, पूर्व मुखिया रणधीर कुमार, पूर्व मुखिया अविनाश कुमार निराला उर्फ सिक्कू जी, समाजसेवी बबलू कुमार तथा मुखिया रवि राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने भी अपने विचार रखे और पर्व को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत थाना को सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब बेचने वालों तथा शराब पीकर उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आमजन से सहयोग की अपील की गई।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अंत में प्रशासन ने कहा कि आपसी सद्भाव और सहयोग से ही दोनों पर्व सुरक्षित और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकते हैं।

# रतनपुरा के पास अनियंत्रित ट्रक से महिला की मौत, गांव में मातम



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर रतनपुरा गांव के समीप गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 30 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान इस्लामपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर महादेव बिगहा गांव निवासी रमेश चौहान की पत्नी दीपमाला के रूप में की गई है।

परिजनों के अनुसार दीपमाला रतनपुरा स्थित बिहार ग्रामीण बैंक में जीविका समूह के माध्यम से महिलाओं को ऋण दिलाने का कार्य करती थीं। प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी बैंक बंद होने के बाद वह पैदल अपने गांव लौट रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें धक्का मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही इस्लामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लाई। बाद में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषी ट्रक चालक की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी और फरार चालक की तलाश जारी थी।

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा



# हरनौत में आधुनिक ऑटो सेवा केंद्र का शुभारंभ

## ग्रामीणों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी तथा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को हरनौत प्रखंड के रांची रोड स्थित एक निजी महाविद्यालय के समीप "जनता गैरेज एंड कार स्पा" का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद मंत्री ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और व्हील एलाइनमेंट व बैलेंसिंग, डेंटिंग-पेंटिंग, इलेक्ट्रिशियन सेक्शन, मैकेनिक पार्ट्स सेक्शन, स्पेयर पार्ट्स सेक्शन, कार वॉश सेक्शन, प्रदूषण जांच तथा बीमा काउंटर की व्यवस्थाओं को देखा।

गैरेज एंड कार स्पा के संचालक सह विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय नेता परशुराम सिंह ने बताया कि यहां आधुनिक तकनीक से कार सर्विस, धुलाई, मरम्मत, व्हील एलाइनमेंट-बैलेंसिंग, डेंटिंग-पेंटिंग, इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिक, स्पेयर पार्ट्स, प्रदूषण जांच और बीमा समेत विभिन्न तकनीकी सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि ग्राहकों कोकिफायती दर पर बेहतर सुविधा प्रदान करना उनका उद्देश्य है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आधुनिक केंद्र खुलने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और लोगों को छोटी-छोटी सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ेगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने इसे हरनौत के विकास की नई कड़ी बताया।

मौके पर कांग्रेस नेता दिलीप कुमार, भाजपा नेता डॉ. आशुतोष कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह, भाजपा नेता सनी पटेल, जदयू प्रखंड प्रवक्ता रौशन कुमार, कुंदन, अजय, अभयनंदन पांडेय, सेवानिवृत्त हवाई जहाज अभियंता सहित कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आयोजक परशुराम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# कतरीसराय में होली-रमजान पर शांति का संकल्प, प्रशासन सख्त



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। रंगों के त्योहार होली एवं पवित्र माह रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार एवं अंचलाधिकारी स्वेता कुमारी ने संयुक्त रूप से की।

सीओ स्वेता कुमारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि स्थिति नियंत्रण में रहे और दोनों पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाए जा सकें। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान रंग लगाने के बहाने महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही शराब पीने, पिलाने या नशे में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा।बैठक में पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद रनबीर सिंह, जदयू अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना, जदयू नेता ललन सिंह, पूर्व मुखिया नवेन्दू झा, भाकपा नेता डॉ. मनोज कुमार, राजद अध्यक्ष विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आपसी सद्भाव, भाईचारा और शांति के साथ दोनों पर्व मनाने का संकल्प लिया तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# चंडी थाना में शांति समिति की हुई बैठक


## सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील



चंडी (अपना नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को चंडी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने की। इसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, पंचायत प्रतिनिधि एवं नगर पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में विशेष रूप से होलिका दहन के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन पर जोर दिया गया। थाना प्रशासन ने निर्देश दिया कि होलिका दहन के समय अनियंत्रित आग न लगाई जाए तथा सार्वजनिक मार्गों, बिजली केखंभों, ट्रांसफॉर्मर, पेड़ों और आवासीय क्षेत्रों के समीप आग जलाने से परहेज किया जाए। दहन स्थल पर पर्याप्त सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।अंचल निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का पर्व है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाया जाना चाहिए। रंग खेलने के दौरान जबरदस्ती, अशोभनीय व्यवहार या नशे में उपद्रव करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही डीजे एवं तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित समय और नियमों का पालन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया तथा लोगों से अफवाहों से बचने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अंत में थाना प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपेक्षा जताई, ताकि होली का पर्व सुरक्षित और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

# कंकड़बाग में डब्ल्यूआईएमएस टेक्नोलॉजी का नया कार्यालय

## युवाओं के लिए बढ़ेंगे तकनीकी अवसर



पटना (अपना नालंदा)। राजधानी के कंकड़बाग इलाके में आईटी क्षेत्र को नई दिशा देते हुए WIMS Technology ने अपने नए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक सतीश कुमार और मुख्य तकनीकी पदाधिकारी अमर कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान निदेशक सतीश कुमार ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल व्यावसायिक विस्तार नहीं, बल्कि बिहार के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि सॉफ्टवेयर विकास, डिजिटल समाधान और नवाचार के माध्यम से राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। कंपनी उत्पाद आधारित और ग्राहक आधारित दोनों तरह की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है।कंपनी द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों से जुड़े कई डिजिटल उत्पाद विकसित किए गए हैं, जिनका उपयोग विभिन्न संस्थानों में किया जा रहा है। मुख्य तकनीकी पदाधिकारी अमर कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि बिहार की पहचान तकनीकी मानचित्र पर मजबूत हो सके।प्रबंधन के अनुसार, कंपनी बेंगलुरु, भोपाल और रांची जैसे शहरों में भी परियोजनाओं पर काम कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से राज्य में आईटी आधारित रोजगार को बढ़ावा मिलेगा और डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।